**दिनांक–18.06.2026 को पूर्वाह्न 07:00 बजे नगर आयुक्त, पटना नगर निगम के द्वारा आगामी मॉनसून के दौरान जल–जमाव की समस्या से निपटने के लिये की गई तैयारी के क्रम में वार्ड नं०–33, 34, 35, 44, 45, 46 एवं 55 का निरीक्षण संबंधी टिप्पणी:–**

दिनांक–18.06.2026 को माननीय वार्ड पार्षद, अपर नगर आयुक्त (सफाई / वरीय प्रभारी), मुख्य नगर अभियंता, कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल / जलापूर्ति प्रमंडल / विद्युत प्रमंडल, सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी, सहायक अभियंताओं एवं मुख्य सफाई निरीक्षक, कंकड़बाग अंचल, पटना नगर निगम के साथ वार्ड नं०–33, 34, 35, 44, 45, 46 एवं 55 का क्षेत्र निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में निम्नांकित निर्देश दिये गये:–

Patna Municip... orporation
Date: 22-06-2026
2026: 10056

| क्र० | स्थान का नाम | दिये गये निर्देश | अनुपालनकर्ता पदाधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | वार्ड नं०–35, कंकड़बाग कॉलोनी मोड़ | कंकड़बाग कॉलोनी मोड़ में Biba fashion showroom के सटे गली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में राम सुन्दर दास पार्क के पास अत्याधिक मात्रा में C&D waste पाया गया एवं माननीय वार्ड पार्षद द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त क्षेत्र में नमामि गंगे के द्वारा नया नाला का निर्माण किया गया है, जिससे उक्त क्षेत्र में जल–जमाव होने की संभावना नहीं है।<br>कार्यपालक पदाधिकारी, कंकड़बाग अंचल निर्देशित हैं कि उक्त पार्क के पास पाये गये सभी C&D waste को यथाशीघ्र हटाना सुनिश्चित करें, साथ हीं सभी मैनहोल का मॉनसून पूर्व अपने निगरानी में निरंतर सफाई करायेंगे ताकि मॉनसून के दौरान जल निकासी में व्यवधान उत्पन्न न हो।<br>स्थानीय नागरिकों के द्वारा बताया गया कि रेन्टल फ्लैट के सर्विस लेन सं०–422 से 426 तक पानी का पाईप बदलवाने की आवश्यकता है। कार्यपालक अभियंता, जलापूर्ति प्रमंडल द्वारा बताया गया कि उक्त सर्विस लेन में कुल स्थानों पर अतिक्रमण है, जिसके कारण पाईप बदलने में कठिनाई हो रही है।<br>वरीय प्रभारी, कंकड़बाग अंचल को निर्देशित किया गया कि अपने नेतृत्व में उक्त अतिक्रमण को अविलम्ब हटाना सुनिश्चित करेंगे तथा कार्यपालक अभियंता, जलापूर्ति प्रमंडल उक्त क्षेत्र में सर्विस लेन सं०–422 से 426 तक जलापूर्ति हेतु पाईप बदलवाना सुनिश्चित करें। | वरीय प्रभारी, कंकड़बाग अंचल, कार्यपालक पदाधिकारी, कंकड़बाग अंचल एवं कार्यपालक अभियंता, जलापूर्ति प्रमंडल |
| 2 | गायत्री मंदिर रोड | निरीक्षण के क्रम में वार्ड नं०–34 में गायत्री मंदिर के सामने पथ निर्माण विभाग का नाला क्षतिग्रस्त अवस्था में पाया गया। उक्त स्थल पर उपस्थित स्थानीय नागरिकों द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त नाला के पास अवस्थित दुकानदारों के द्वारा भारी सामग्री उतारने के क्रम में क्षतिग्रस्त हो गया है।<br>कार्यपालक पदाधिकारी, कंकड़बाग अंचल निर्देशित हैं कि संबंधित दुकानदारों को चिन्हित करते हुए उन्हें नोटिस निर्गत के साथ हीं दण्ड अधिरोपित करते हुए दुकान को शील करने की कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे एवं कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल | कार्यपालक पदाधिकारी, कंकड़बाग अंचल एवं कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | निर्देशित हैं कि पथ निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर उक्त क्षतिग्रस्त नाले का मरम्मति कराना सुनिश्चित करें। | |
| 3 | सांई नेत्रालय, कंकड़बाग | वार्ड नं०-33 सांई नेत्रालय के सामने भूगर्भ नाले की सफाई का निरीक्षण किया गया।<br><br>कार्यपालक पदाधिकारी, कंकड़बाग अंचल निर्देशित हैं कि मॉनसून पूर्व अपने निगरानी में निरंतर सफाई करायेंगे ताकि वर्षा के दौरान जल निकासी में व्यवधान उत्पन्न न हो। | कार्यपालक पदाधिकारी, कंकड़बाग अंचल |
| 4 | सेक्टर-ई, कंकड़बाग | भ्रमण के क्रम में सेक्टर-ई, कंकड़बाग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मैनहोल खोलने का निर्देश दिया गया एवं पाया गया कि नाले की सफाई उच्च गुणवत्तापूर्ण नहीं है एवं उक्त क्षेत्र में यत्र-तत्र कचड़ा पड़ा हुआ है। साथ हीं नमामि गंगे द्वारा बनाये ये नव निर्मित कैचपीट को खोलवाया गया, जिसमें सिल्ट पाया गया।<br><br>अपर नगर आयुक्त (सफाई) निर्देशित हैं कि वार्ड नं०-33 के प्रभारी सफाई निरीक्षक एवं नगर प्रबंधक, कंकड़बाग अंचल से स्पष्टीकरण प्राप्त कर कार्रवाई सुनिश्चित करें।<br><br>कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल को निर्देशित किया गया कि संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर सभी कैचपीट में पड़े सिल्ट को अविलम्ब हटवाना सुनिश्चित करेंगे एवं कार्यपालक पदाधिकारी, कंकड़बाग अंचल निर्देशित हैं कि उक्त क्षेत्र के सभी मैनहोल को मॉनसून पूर्व अपने निगरानी में निरंतर सफाई कराना सुनिश्चित करें। | अपर नगर आयुक्त (सफाई), कार्यपालक पदाधिकारी, कंकड़बाग अंचल एवं कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल |
| 5 | शांतिराय पथ | वार्ड नं०-44 में शांतिराय पथ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रभारी सफाई निरीक्षक की खोज की गई, परन्तु वे अनुपस्थित पाये गये। कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त पथ में नाला एवं सड़क का निर्माण पथ निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है।<br><br>अपर नगर आयुक्त (सफाई) निर्देशित हैं कि वार्ड नं०-44 के प्रभारी सफाई निरीक्षक से स्पष्टीकरण करते हुए संतोषप्रद जवाब समर्पित करने तक वेतन स्थगित रखेंगे।<br><br>कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल को निर्देशित किया गया कि पथ निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर मॉनसून के पूर्व किये जा रहे निर्माण कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। | अपर नगर आयुक्त (सफाई) एवं कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल |
| 6 | योगीपुर DPS | निरीक्षण के क्रम में योगीपुर DPS के कार्यों का जायजा लिया गया एवं जानकारी प्राप्त हुआ कि बुडको द्वारा | कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | निर्माण के क्रम में तीन सम्प लाईन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिसे ठीक कराने की आवश्यकता है।<br>कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल को निर्देशित किया गया कि बुडको से समन्वय स्थापित कर मॉनसून के पूर्व क्षतिग्रस्त सभी सम्प लाईन की मरम्मति कराना सुनिश्चित करें। | |
| 7 | कांटी फैक्ट्री मोड़ | वार्ड नं०–45 के माननीय वार्ड पार्षद के साथ कांटी फैक्ट्री मोड़ के पास बुडको द्वारा निर्मित बॉक्स नाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कई जगहों पर नाला क्षतिग्रस्त पाया गया एवं माननीय वार्ड पार्षद के द्वारा बताया गया कि पूर्व में उक्त क्षेत्र में जल–जमाव की समस्या उत्पन्न होती थी। बुडको द्वारा नया नाला एवं सड़क का निर्माण किया गया है, जिससे उक्त क्षेत्र में जल–जमाव होने की संभावना नहीं है।<br>कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल को निर्देशित किया गया कि संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर ध्वस्त नाला की मरम्मति अविलम्ब करायी जाय, मरम्मति होने तक ध्वस्त हिस्से को लाल कपड़े के घेरवाना सुनिश्चित करें, ताकि कोई दुर्घटना न हो। | कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल |
| 8 | विजय नगर | माननीय वार्ड पार्षद द्वारा अवगत कराया गया कि विजय नगर वार्ड नं०–46 में रोड–रेस्टोरेशन का कार्य काफी धीमी गति से हो रही है, जिसे जल्द पूर्ण कराने की आवश्यकता है।<br>मुख्य नगर अभियंता, पटना नगर निगम निर्देशित हैं कि संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल से स्पष्टीकरण करते हुए संतोषप्रद जवाब समर्पित करने तक वेतन स्थगित रखेंगे।<br>कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल को निर्देशित किया गया कि रोड–रेस्टोरेशन के कार्य में तेजी लाते हुए ससमय कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। | मुख्य नगर अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल |
| 9 | भागवत नगर | वार्ड नं०–55 में भागवत नगर तिराहे पर बुडको द्वारा बनाये गये नव निर्मित बॉक्स नाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में वार्ड नं०–55 के प्रभारी सफाई निरीक्षक के द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में उक्त क्षेत्र में जल–जमाव की स्थिति उत्पन्न होती थी, परन्तु उक्त निर्मित नाले का निर्माण होने से जल–जमाव संभावना नहीं होगी।<br>कार्यपालक पदाधिकारी, कंकड़बाग अंचल निर्देशित हैं कि उक्त क्षेत्र में बुडको द्वारा बनाये गये सभी बॉक्स नालों की निरंतर सफाई करायेंगे ताकि वर्षा के दौरान जल निकासी में व्यवधान उत्पन्न न हो। | कार्यपालक पदाधिकारी, कंकड़बाग अंचल |
| 10 | राजेन्द्र नगर टर्मिनल | राजेन्द्र नगर टर्मिनल क्षेत्र का निरीक्षण किया गया एवं टर्मिनल के बॉन्ड्री के अंदर पथ निर्माण विभाग का बॉक्स नाला पाया गया। सहायक लोक स्वच्छता एवं | कार्यपालक पदाधिकारी, कंकड़बाग अंचल एवं |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी, कंकड़बाग अंचल द्वारा जानकारी दी गई कि टर्मिनल के बॉन्ड्री के बाहर सड़क पर वर्षा के दौरान जल–जमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिसे उच्च क्षमता का पम्प लगाकर पानी का निकासी किया जाता है, साथ हीं कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त नाले के पानी का निकासी वाले भाग को मैट्रो द्वारा अंडरग्राउड स्टेशन निर्माण के क्रम में समाप्त कर दिया है।<br>कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल को निर्देशित किया गया कि पथ निर्माण विभाग एवं पुल निर्माण निगम से समन्वय स्थापित कर उक्त जल–जमाव वाले सड़क को रेस कराना सुनिश्चित करें, ताकि वर्षा के दौरान उक्त सड़क के पानी सड़क के दूसरी ओर चला जाय, जिससे दूसरी ओर के नाला से जल निकासी हो सकें।<br>कार्यपालक पदाधिकारी, कंकड़बाग अंचल निर्देशित हैं कि आवश्यकतानुसार उक्त क्षेत्र में पम्प अधिष्ठापित करना सुनिश्चित करें। | कार्यपालक अभियंता, कंकड़बाग प्रमंडल |

**नगर आयुक्त**
पटना नगर निगम

ज्ञापांक–III-M-68-2019-Part-VIII-....10056, पटना, दिनांक–...22/...06/2026

प्रतिलिपि– संबंधित अपर नगर आयुक्त/ संबंधित उप नगर आयुक्त/ मुख्य नगर अभियंता/ नगर वित्त एवं लेखा नियंत्रक/ कार्यपालक पदाधिकारी, कंकड़बाग अंचल/ सभी कार्यपालक अभियंता, पटना नगर निगम, पटना को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

**नगर आयुक्त**
पटना नगर निगम

ज्ञापांक–III-M-68-2019-Part-VIII-....10056.., पटना, दिनांक–...22/...06/2026

प्रतिलिपि– प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

**नगर आयुक्त**
पटना नगर निगम